Description of the Immovable Property: Property -1 : All The peace and parcel of the Immovable property of Flat No. 202, Secound Floor Of "Vaman Huts Satguru Residency" Block - A, at Plot No. 76,77,78, 95,96 & 97 at Ashiyana Palace Colony, Village Kali Billod, Tahsil Depalpur Dist. Indore Carpet Area 405 Sq.ft **Boundaries: -** EAST : Road, WEST : Comman Passage, NORTH : Flat No. 201- Block- A , SOUTH : Flat No. 203-Block- A **Property -2 :** All The peace and parcel of the Immovable property of Flat No. 203, Secound Floor Of "Vaman Huts Satguru Residency" Block - A, at Plot No. 76,77,78, 95,96 & 97 at Ashiyana Palace Colony, Village Kali Billod, Tahsil Depalpur Dist. Indore Carpet Area 471 Sq.ft **Boundaries: -** EAST : Road, WEST : Flat No. 204- Block- A, NORTH : Comman Passage, SOUTH : Road					
3	TCHHL0284000 100351389 & TCHIN02840001 00352741	MR RAHUL MAROTHIYA MRS BABITA MAROTHIYA	Rs.22,28,255/- 09-06-2025	Rs. 17,90,000/- Earnest Money Deposit (EMD): Rs.1,79,000/- Type of possession: - Physical	Rs.26,93,665/- 31-07-2026
Description of the Immovable Property: All The peace and parcel of the Immovable property Prakoshtha No.201, Having builtup area admeasuring 713 Sq.ft. (66.26 Sq.mtr.) on Secound Floor of Sunrise Twins "Block -B" Constructed on Plot No.26 of Shri Krishna Avenue Phase -3, Situated at Village Limbodi Tehsil & Distt. Indore (M.P.) **Boundaries:-** EAST : Plot No.27, WEST : Prakoshtha No.202, NORTH : Prakoshtha No.204, SOUTH : Road					
4	TCHHL0643000100000646 & TCHHF0643000100000661 & TCHIN0643000100147373 & TCHIN0643000100260329 & TCHIN0643000100269413	MR SURESH PATIDAR MRS PUSHPA PATIDAR	Rs. 59,97,131/- 10-12-2024	Rs. 33,00,000/- Earnest Money Deposit (EMD): Rs.3,30,000/- Type of possession: - Physical	Rs.75,52,761/- 31-07-2026
Description of the Immovable Property: All The peace and parcel of the Immovable property Residential House 09 at Ward No. 30, SANWARIYA COLONY (Bannakheda) Jaora Dist. Ratlam (M.P.) Total Area 1000 Sq.Ft.(92.90Sq. Mtr.) **Boundaries:-** EAST : 5 fit Gali, WEST : 30 Feet Wide Colony Road, NORTH : House Of Pathakji, SOUTH : Plot Of Other. **Disclosure :-** Securitisation Application filed by the Borrower against TCHFL (SA/832/2025) is pending before DRT, Jabalpur, No stay order is passed against TCHFL in the said case.					

Note :- The bidders are advised to conduct due diligence before submitting the bid. The auction shall be subject to the outcome of the litigation, Dispute if any.

At the Auction, the public generally is invited to submit their bid(s) personally. No officer or other person, having any duty to perform in connection with this sale shall, however, directly or indirectly bid for, acquire or attempt to acquire any interest in the Immovable Property sold.

The sale shall be subject to the conditions prescribed in the Security Interest (Enforcement) Rules, 2002 and to the following further conditions:

NOTE: The E-auction of the properties will take place through portal **https://BidDeal** in on **28-08-2026 between 2.00 PM to 3.00 PM** with limited extension of 5 minutes each.

Terms and Condition: 1. The particulars specified in the Schedule herein below have been stated to the best of the information of the undersigned, but the undersigned shall not be answerable for any error, misstatement or omission in this proclamation. In the event of any dispute arising as to the amount bid, or as to the bidder, the Immovable Property shall at once again be put up to auction subject to the discretion of the Authorised Officer. **2.** The Immovable Property shall not be sold below the Reserve Price. **3.** Bid Increment Amount will be: **Rs.10,000/-** (Rupees Ten Thousand Only). **4.** All the Bids submitted for the purchase of the property shall be accompanied by Earnest Money as mentioned above by way of a Demand Draft favoring the **"TATA CAPITAL HOUSING FINANCE LTD."** Payable at Branch address. The Demand Drafts will be returned to the unsuccessful bidders after auction. For payment of EMD through NEFT/RTGS/IMPS, kindly contact Authorised Officer. **5.** The highest bidder shall be declared as successful bidder provided always that he/she is legally qualified to bid and provided further that the bid amount is not less than the reserve price. It shall be in the discretion of the Authorised Officer to decline acceptance of the highest bid when the price offered appears so clearly inadequate as to make it inadvisable to do so. **6.** For reasons recorded, it shall be in the discretion of the Authorised Officer to adjourn/discontinue the sale. **7.** Inspection of the Immovable Property can be done on **20-08-2026 between 11.00 AM to 5.00 PM.** with prior appointment. **8.** The person declared as a successful bidder shall, immediately after such declaration, deposit twenty-five per cent of the amount of purchase money/bid which would include EMD amount to the Authorised Officer within 24Hrs and in default of such deposit, the property shall forthwith be put to fresh auction/Sale by private treaty. **9.** In case the initial deposit is made as above, the balance amount of the purchase money payable shall be paid by the purchaser to the Authorised Officer on or before the 15th day from the date of confirmation of the sale of the property, exclusive of such day, or if the 15th day be a Sunday or other holiday, then on the first office day after the 15th day. **10.** In the event of default of any payment within the period mentioned above, the property shall be put to fresh auction/Sale by private treaty. The deposit including EMD shall stand forfeited by TATA CAPITAL HOUSING FINANCE LTD and the defaulting purchaser shall lose all claims to the property. **11.** Details of any encumbrances, Litigations known to the TATA CAPITAL HOUSING FINANCE LTD, to which the property is liable: as per table above. The Intending Bidder is advised to make their own independent inquiries regarding encumbrances on the property including statutory liabilities arears of property tax, electricity etc. before submitting the bid.

12. For any other details or for procedure online training on e-auction the prospective bidders may contact the Service Provider, ValueTrust Capital Services Private Limited, 585 Hasting Colony, VIP Nagar, Anandapur, Kolkata 700 100 through its coordinators, Auction.Manager@BidDeal.in or Manish Bansal, Email id Manish.Bansal@tatacapital.com Authorised Officer Mobile No 8588983696. Please send your query on WhatsApp Number - 9999078669. 13. TDS of 1% will be applicable and payable by the highest bidder over the highest declared bid amount. The payment needs to be deposited by highest bidder in the PAN of the owner/ borrower(s) and the copy of the challan shall be submitted to our company. **14.** Please refer to the below link provided in secured creditor's website **https://surl.li/ydttpm** for the above details. **15.** Kindly also visit the **link: https://www.tatacapital.com/property-disposal.html**

Please Note - TCHFL has not engaged any broker/agent apart from the mentioned auctioning partner for sale/auction of this property. Interested parties should only contact the undersigned or the Authorised officer for all queries and enquiry in this matter.

Sd/-
Place : Indore **(Authorised Officer)**
Date : 12.08.2026 **Tata Capital Housing Finance Ltd.**

अपनी बात

अनिलकुमार नाहर मो.नं. 9109999906
270 जवाहर मार्ग इंदौर (म.प्र.)

दुनिया में इंसानों के लिए ईश्वरीय (प्राकृतिक) देन कौन-कौन सी होती है?

इंसानो के लिए दुनिया में सूर्य, चांद, तारे और बादल होते है जो उन्हें दूर से ही दिखाई देते है। जो पृथ्वी (जमीन) से हजारों-लाखों कि. मी. दूर रहते है और आकाश में स्थिर होते है। सभी कुदरती होते है, जिन्हें देखकर इंसान खुशियां जाहिर करता है। ये सभी अपना-अपना कर्तव्य अलग-अलग रूप से करते है। इनके बिना जीवन पूर्णतः असुरक्षित और अधुरा होता है। सूर्य देवता की पूजा अर्चना करते है, चन्द्रमा की भी पूजा अर्चना होती है, तारे देखकर मन प्रफुल्लित हो जाता है। बादल अपना अलग रंग समयानुसार बदलते रहते है। उपरोक्त इन सभी का मानवों के लिए अति उपयुक्त और महत्वपूर्ण होता है। सभी स्वास्थ्य के लिए लाभकारी और पुण्यवान है। ये सभी संसार में अनादिकाल से चल रहे है। दुनिया के अलग देशों में दिन रात का अंतर होता है इंसानों का ईश्वर ने पूरे दिन के 24 घंटे दिए है। भारत देश दिन रात में सबसे श्रेष्ठ माना जाता है। इससे समस्त भारतीयों (भारत वासियों) को दुनिया से बहुत अच्छा और दिन-रात में समय की समानता दिखाई देती है। इसीलिए दुनिया में भारत की आबादी अधिक है और दिन पर दिन लगातार बढ़ती ही जा रही है।

बेसबॉल में चमका सेंट उमर एकेडमीः अंडर-14 बालिका टीम बनी उपविजेता

इन्दौर। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया SGFI के तत्वावधान में आयोजित इंटर स्कूल बेसबॉल टूर्नामेंट में इस्लामिया करीमिया सोसाइटी द्वारा संचालित सेंट उमर एकेडमी की अंडर-14 बालिका टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का खिताब अपने नाम किया। टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर विद्यालय के तीन प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन इंदौर जिला बेसबॉल टीम में हुआ है: अमीर अब्बासी : कक्षा 8वीं (अंडर-14 वर्ग) अलीज़ा खान : कक्षा 8वीं (अंडर-14 बालिका वर्ग) रिफत नूर : कक्षा 9वीं (अंडर-17 वर्ग)

सृष्टि ने स्वर्ण निकाला

इन्दौर। एसजीएफआई इंटर स्कूल फ्री स्टाइल जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में भगवती कॉन्वेंट हायर सेकंडरी स्कूल की छात्रा सृष्टि सिसौदिया ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। उपलब्ध पर स्कूल संचालक पुलक गुप्ता, प्राचार्या मनीषा होल्कर, उपप्राचार्या कीर्ति राठौर, विकास केशवाल व अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हर्ष व्यक्त करते उन्हें बधाई दी।

लॉ बुक्स में कुछ और कोर्ट प्रीमाईसेस में कुछ और दिखेगा

आईपीएस अकादमी में 'प्रैक्टिकल लीगल स्किल्स' पर विशेष कार्यशाला आयोजित

इंदौर, । विधि के विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ न्यायालयीन एवं व्यावसायिक क्षेत्र की व्यावहारिक आवश्यकताओं से परिचित कराने के उद्देश्य से विधि महाविद्यालय, आईपीएस अकादमी, इंदौर द्वारा न्यायाश्रय के सहयोग से 'विधि विद्यार्थियों के लिए व्यावहारिक विधिक कौशल' विषय पर विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। आईपीएस अकादमी के प्रीमियम सभागार में आयोजित इस कार्यशाला में न्यायाश्रय के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विधि विशेषज्ञ डॉ. पंकज वाधवानी ने विद्यार्थियों को संबोधित किया तथा विधि शिक्षा को व्यावहारिक अनुभव से जोड़ने के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया।संस्था के डॉ राकेश पांडे ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए विधि के क्षेत्र में उपलब्ध विभिन्न अवसरों और एक विधि विद्यार्थी से एक कुशल विधि व्यवसायी बनने तक की व्यावहारिक यात्रा पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर विधि महाविद्यालय, आईपीएस अकादमी की प्राचार्या श्रीमती रुपाली शर्मा ने कहा कि वर्तमान विधि शिक्षा में व्यावहारिक प्रशिक्षण का विशेष महत्व है। विद्यार्थियों को कक्षा में प्राप्त सैद्धांतिक ज्ञान को वास्तविक विधिक परिस्थितियों में लागू करने का अवसर मिलना उनके भविष्य के लिए अत्यंत उपयोगी है। कार्यशाला में विधि महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा विशेषज्ञ वक्ता से विधि व्यवसाय और न्यायालयीन कार्य से जुड़े विभिन्न विषयों पर जानकारी प्राप्त की।

आईपीएस अकैडमी में शहनाई वादन की प्रस्तुति



इंदौर। स्कूल ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट आईपीएस अकादमी में श्री राजमल जी पोरवाल लेक्चर सीरीज के अंतर्गत प्रसिद्ध शहनाई वादक श्री गजानन वारुडे जी की वादन प्रस्तुति हुई प्रस्तुति में राग आहिर भैरव प्रस्तुत किया गया जिसमें विलंबित एकताल में निबद्ध रचना का मंचन किया तत्पश्चात मध्य लय में छोटा ख्याल प्रस्तुत किया तत्पश्चात राग वृंदावनी सारंग में छोटा ख्याल प्रस्तुत किया अंत में राग पहाड़ी में धुन प्रस्तुत की। तत्पश्चात छात्रों को शहनाई जैसे दुर्लभ वाद्य के बारे में जानकारी दी।

इंदौर एवं धार के बीच होगा अंतर जिला मिश्रित टीम का फाइनल

अनिकेत, कन्हैया, नैवैद्य बने जीत के शिल्पकार

ग्वालियर। शासकीय उत्कृष्टता बैडमिंटन अकादमी में चल रही जी.एच. रायसोनी स्मृति 64वीं मध्य प्रदेश अंतर जिला मिश्रित टीम बैडमिंटन स्पर्धा के फाइनल में एक बार फिर गत विजेता धार और गत उपविजेता इंदौर की टीमें आमने-सामने होंगी। दोनों टीमें लगातार चौथी बार फाइनल में भिड़ेंगी।

एक जानकारी में इंदौर जिला बैडमिंटन संघ के सचिव आर.पी. सिंह नय्यर ने बताया कि सेमीफाइनल में दूसरे क्रम के इंदौर ने जबलपुर को 3-1 से हराया। इंदौर के लिए जीत के शिल्पकार कप्तान अनिकेत परदेशी, कन्हैया शर्मा और नैवैद्य तोंडे रहे। इंदौर के अनिकेत परदेशी ने पहले एकल में जबलपुर के भुवन चंद्र कोतिकला को रोमांचक मुकाबले में 21-20, 10-15, 15-4 से हराया। दूसरे मैच में इंदौर की ओजस्वी भोमिया को जबलपुर की ईश्वी नायडु ने 15-10, 11-15, 15-12 से हराकर जबलपुर को 1-1 से बराबरी दिलाई। तीसरे मैच में इंदौर के कन्हैया शर्मा ने चरना कोरि को 15-8, 15-13 से हराकर इंदौर को 2-1 से आगे किया। चौथे मैच पुरुष युगल में इंदौर की नैवैद्य तोंडे और कन्हैया शर्मा की जोड़ी को जबलपुर से वाकओवर मिला। दूसरे सेमीफाइनल में पहले क्रम के धार ने नर्मदापुरम को 3-0 से एकतरफा हराकर फाइनल में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल में इंदौर और धार को बाय मिला था। ग्वालियर के नहीं खेलने से नर्मदापुरम को वाकओवर मिला था, जबकि जबलपुर ने दतिया को 3-0 से हराया था। इसी के साथ चल रही 79वीं मध्य प्रदेश खुली बैडमिंटन चैम्पियनशिप में पुरुष एकल में इंदौर के अनिकेत परदेशी को पहला और इंदौर के गौरव परमार को दूसरा क्रम मिला है। महिला एकल में इंदौर की अनुष्का शाहपुरकर को दूसरा क्रम मिला है।

पेरा राष्ट्रीय रैंकिंग टेबल टेनिस स्पर्धा प्रारंभ

इंदौर। मध्य प्रदेश टेबल टेनिस संगठन तथा पेरा टेबल टेनिस प्रमोशन एसोसिएशन द्वारा पेरा राष्ट्रीय रैंकिंग टेबल टेनिस चेम्पियनशिप स्थानीय अभय प्रशाल में प्रारंभ हो गई। टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में यू.टी.टी के सौजन्य से आयोजित स्पर्धा के पहले दिन खिलाड़ियों का क्लासिफिकेशन (वर्गों का निर्धारण) किया गया। स्पर्धा में करीब 250 खिलाड़ी भाग ले रहे है। 43 खिलाड़ी पहली बार पेरा की राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धा में हिस्सा ले रहे हैं। स्पर्धा के पहले दिन प्रातः 9 बजे से देर रात तक नेशनल क्वालिफायर महाराष्ट्र के विनायक सुतार तथा संजय अयाचित की देखरेख में नए 43 खिलाड़ियों का क्लासिफिकेशन किया गया। इस स्पर्धा के बाद बड़ोदरा तथा चेन्नई में दो अन्य राष्ट्रीय रैंकिंग स्पर्धाए तथा राष्ट्रीय स्पर्धा खेली जायेगी तथा चारो स्पर्धाओं में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर भारतीय टीमों का चयन किया जायेगा। क्लासिफिकेशन की प्रक्रिया के दौरान दोनो नेशनल क्वालिफायर के साथ ही ओम सोनी, जयेश अचार्य, प्रमोद गंगराडे, प्रमोद सोनी, रिंकु आचार्य तथा नीलेश वेद उपस्थित थे।

मुकेश भार्गव ने माला अर्पण कर राजेन्द्र माथुर जी को याद किया

इंदौर । स्वतंत्र भारत में हिन्दी पत्रकारिता को स्थापित करने वाले मालवांचल के प्रतिभाशाली पत्रकार, नईदुनिया, नवभारत टाईम्स जैसे प्रतिष्ठित अखबारों के पूर्व संपादक एवं इंदौर प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्रजी माथुर की 91 वीं जयंती (7 अगस्त) पर सामाजिक कार्यकर्ता एवं इंदौर प्रेस क्लब के सक्रिय सदस्य मुकेश भार्गव ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया।

ताहिर हॉकी ट्रेनिंग सेंटर की मिताली शर्मा व कनक पाल का हॉकी मध्यप्रदेश की नेशनल टीम मे चयन

इंदौर। हॉकी इंदौर एसोसिएशन के सचिव किशोर शुक्ला ने बताया कि दिनांक 13 अगस्त 2026 से दिनांक 23 अगस्त 2026 तक पुणे (महाराष्ट्र) मे आयोजित होने वाली हॉकी इंडिया की 16 वी जूनियर महिल राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप के लिए ताहिर हॉकी ट्रेनिंग सेंटर की राष्ट्रीय खिलाडी मिताली शर्मा व कनक पाल का हॉकी मध्यप्रदेश की नेशनल मे चयन हुआ हॉकी मध्यप्रदेश टीम के लिए चयन ट्रायल्स दिनांक 12 व 13 जुलाई 2026 को जबलपुर मे आयोजित की गई थी चयन ट्रायल्स मे प्रदेश भर से 220 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया था। मध्यप्रदेश टीम की घोषणा हॉकी मध्यप्रदेश के महासचिव श्री लोक बहादुर ने जबलपुर मे की। मिताली व कनक ने हॉकी कोच मो याकुब अंसारी के मार्गदर्शन में चिमनबाग मैदान पर हॉकी खेलने सीखी थी दोनों के कुछ मोहम्मद याकूब अंसारी है। मिताली शर्मा व कनक पाल ने वर्ष 2022 मे मध्यप्रदेश राज्य महिल हॉकी सबजूनियर टीम के और से हॉलैंड व पोलैंड का विदेश द्वारा भी किया है मिताली व कनक के चयन पर हॉकी इंदौर एसोसिएशन के अध्यक्ष व विधायक श्री रमेश मेदौला, संरक्षक श्री ओम सोनी, उपाध्यक्ष डॉ ए के दास, मो इस्माईल अंसारी, दीपक पटेरिया, सचिव किशोर शुक्ला, सहसचिव मो याकुब अंसारी, कोषाध्यक्ष नजमुदीन खुर्शीद, आंनद यादव, डॉ रफीक खान, अतुल खुणे,निलेश गौड़, गुलाम साबिर, अभिषेक यादव, सोनी साहू शशांक परदेशी आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी।

प्रदेश की सात चर्चित खेल हस्तियां होंगी सम्मानित

भव्य स्तर पर वितरीत होंगे मालवा खेल अवार्ड

इंदौर । हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मालवा कला अकादमी द्वारा दिए जाने वाले प्रतिष्ठित मालवा खेल अवार्ड का अवार्ड वितरण समारोह 12 अगस्त को शाम 6 बजे जाल सभा गृह में आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष जिन सात खेल प्रतिभाओं को यह अवार्ड प्रदान किए जा रहे है वह राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शहर व प्रदेश का नाम गौरवान्वीत कर चुके है ।

मालवा कला अकादमी के अध्यक्ष मनोज वर्मा ने बताया कि इस अवार्ड वितरण समारोह के मुख्य अतिथि म.प्र. शासन के कैबिनेट मंत्री तुलसीराम सिलावट रहेंगे । अध्यक्षता विधायक गोलू शुक्ला व मधु वर्मा रहेंगे। विशेष अतिथि के रूप में नगर भाजपा अध्यक्ष सुमित मिश्रा, समाज सेवी गिरीश जैन व सुरेश सितलानी मौजूद रहेंगे । यह अवार्ड वितरण समारोह का लगातार 26वां वर्ष है । इस वर्ष विभिन्न खेलों से मुस्कान शर्मा (कबड्डी), प्रियंका यादव (हॉकी), सोहेल खान (साफ्टबॉल), शौर्य जैन (स्केटिंग), दीक्षिता यादव (कराते), नीरज पटेल (कुश्ती), केतन चावला (बिलियर्ड्स-स्नूकर) का चयन किया गया है। लगभग 150 आवेदन इस वर्ष म.प्र. के विभिन्न शहरों से आए थे, और इन्हीं आवेदनों के आधार पर इन खिलाड़ियों का चयन किया गया है । मुस्कान शर्मा का हाल ही में भारतीय कबड्डी टीम के प्रशिक्षण विशेष शिविर में चयन हुआ था । वहीं केतन चावला वर्ल्ड स्नूकर चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता टीम के सदस्य रहे है । सोहेल खान अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय साफ्टबॉल स्पर्धा में अपनी अमिट छाप छोड़ चुके है । दीक्षिता यादव ने कराते की राष्ट्रीय स्पर्धा में पदक विजेता खिलाड़ी है । कुश्ती में खंडवा के नीरज पटेल ने न सिर्फ प्रदेश बल्कि अंतराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश व देश का मान बढ़ाया है, उन्होंने एशियाई स्तर पर कुश्ती में अंतराष्ट्रीय पदक जीता है । स्केटिंग में शौर्य जैन राष्ट्रीय स्तर पर चमक रहे है । वहीं प्रियंका यादव ने जूनियर वर्ल्ड कप हॉकी चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया है और वह इस चैंपियनशिप के पूर्व भी कई अंतराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्पर्धा में अपने दमदार प्रदर्शन से अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुकी है ।

जिले में एचआईवी/एड्स की जांच हेतु सघन जागरूकता अभियान 3.0 का संचालन 12 अगस्त से 12 अक्टूबर तक

इंदौर (राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (NACO) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार, मध्य प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति (MPSACS) के निर्देशानुसार विगत 02 वर्षों की तरह इस वर्ष भी जिले में 12 अगस्त 2026 से 12 अक्टूबर 2026 तक एचआईवी/एड्स जागरूकता हेतु सघन जागरूकता अभियान (Intensified IEC Campaign) 3.0 संचालित किया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य जन सामान्य में एचआईवी संक्रमण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है ताकि वे एचआईवी संक्रमण के कारण, बचाव के तरीके तथा एचआईवी जांच एवं उपचार आदि के संबंध में जागरूक हो सके तथा एचआईवी सिफलिस जांच एवं उपचार सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ ले सकें साथ ही एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों के प्रति भेदभाव को समाप्त किया जा सके इस अभियान के माध्यम से प्रमुख रूप से जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में तथा शहरी बस्ती क्षेत्र में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम अभियान के दौरान संचालित कराए जाने हैं जो कि निम्न अनुसार हैं। अभियान का शुभारंभ 12 अगस्त 2026 को एक भव्य जागरूकता रैली (बाइक रैली) प्रातः 08 बजे बड़ा गणपति मंदिर से गांधी हाल तक निकाल कर किया जा रहा है। अभियान के लिए जिला स्तरीय बैठक का आयोजन कर विभिन्न विभागों से समन्वय सहयोग आदि पर चर्चा कर जिले की कार्ययोजना बनाई जा रही है। अभियान के दौरान विकासखंड स्तर पर बैठकों का आयोजन किया जाएगा।

वेस्ट ज़ोन शॉटगन शूटिंग चैंपियनशिप में इंदौर की वीर

-रायफल शूटिंग सोसायटी के शूटर्स का शानदार प्रदर्शन -डबल ट्रैप मास्टर मैन्स केटेगरी में स्वर्ण पदक और दो शूटर्स ने किया नेशनल के लिए क्वालीफाई

इंदौर । राजधानी भोपाल में आयोजित 13वीं वेस्ट जोन शॉटगन शूटिंग चैंपियनशिप में 6 राज्यों के 200 से अधिक निशानेबाजों ने भाग लिया।इनमें इंदौर की वीर रायफल शूटिंग सोसायटी के शूटर्स ने भी भाग लेकर शानदार प्रदर्शन किया। सोसायटी के कोच सतीश शर्मा के मार्गदर्शन में इंद्र विक्रम सिंह बैस ने डबल ट्रैप मास्टर मैन्स केटेगरी में स्वर्ण पदक जीता और वत्स प्रताप सिंह राठोर और वीरहंस शर्मा ने भी डबल ट्रैप इवेंट में नेशनल के लिए क्वालीफाई किया।इस तरह वीर रायफल शूटिंग सोसायटी के शूटर्स को मिली सफलता पर एमपी स्टेट रायफल एसोसिएशन के सचिव राकेश गुप्ता ने सभी शूटर्स को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए हरसंभव सहयोग का संकल्प व्यक्त किया है।

प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र और इमरजेंसी रिस्पॉन्स किट वितरित-इंदौर। राज्य शासन के निर्देशानुसार आपदा मित्र योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से जिला प्रशासन, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा विभाग द्वारा आयोजित सात दिवसीय आपदा मित्र प्रशिक्षण कार्यशाला का आज क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थान, रालामंडल में गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में समापन हुआ।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पूर्व में नाम भागवत पिता वासुदेव पाटीदार था । जो परिवर्तित होकर भागवत पाटीदार पिता वासुदेव पाटीदार हो गया है । अतः भविष्य में मुझे भागवत पाटीदार पिता वासुदेव पाटीदार नाम से जाना एवं पहचाना जावे ।

भागवत पाटीदार पिता वासुदेव पाटीदार
पताः- जी-09, स्वास्तिक विहार कॉलोनी, राऊ ,
जिला इन्दौर (म. प्र.) 453331

न्यायालयः- श्रीमती शिवानी चतुर्वेदी त्रिपाठी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी,जिला- इंदौर (मध्यप्रदेश)

आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु

MJCR-672/2025 **पेशी दिनांक 12/09/26**

सुनीता Vs रतन

प्रेषिती- रतन राठौर पिता बाबूलाल राठौर पता- 254, साधु वासवानी नगर, सिंधी कॉलोनी के पास इंदौर म.प्र.।

यह कि प्रार्थी श्रीमती सुनीता ने आपके विरूद्ध एमजेसीआर के लिए वसूली संस्थित किया है। आपका इस न्यायालय में प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वसूली का उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिर होने के लिये समन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वसूली में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी किया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब प्रकरण में जो आपके वसूली या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या प्रति वसूली आधरित हो, और यदि आप इस प्रकरण पर चाहे वह आपके वसूली या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के वसूली या प्रति वसूली के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी प्रकरण में वसूली की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। आज तारीख 04.08.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है

शिवानी चतुर्वेदी त्रिपाठी न्यायिक मंजिस्टेट प्रथम श्रेणी
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी,

कृपया ध्यान दे 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

कार्यालय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी,, मालवीय नगर गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्या., जिला इन्दौर

पता-97 पंढ़ीनाथ पथ, इन्दौर
(पंजीयन क्रमांक /डी.आर/आय.डी.आर/311 दिनांक 19.06.1981)

सदस्यता सूची का प्रथम प्रकाशन

एतद् व्दारा संस्था के समस्त सदस्यों व सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि संस्था के संचालक मण्डल के निर्वाचन हेतु सदस्यता सूची का प्रकाशन संस्था कार्यालय, उपायुक्त सहकारिता जिला-इन्दौर, विकास खण्ड, इन्दौर प्रीमियर को-आपरेटिव बैंक लि., शाखा अन्नपूर्णा, इन्दौर के सूचना पटल पर दिनांक 11.08.2026 को किया जाकर सूची पर दिनांक 11.08.2026 से 18.08.2026 तक दावे आपत्ति प्रस्तुत करने हेतु सूचना समस्त सदस्यों को साधारण डाक से उनके ज्ञात पते पर प्रेषित की गई है। यदि किसी सदस्य को किसी कारणवश सूचना प्राप्त न हो तो, इस सूचना के आधार पर अपने दावें मेरे द्वारा अधिकृत व्यक्ति श्री भीमराज भंगाले, मो.नंबर.. 9406631822 को स्थान प्रशासकीय संकुल, कक्ष क्र. 303 सेटेलाईट भवन, कलेक्टोरेट परिसर, इन्दौर में समय प्रातः 10.00 से 12.00 तक प्रस्तुत कर सकते है। प्राप्त सदस्यता सूची पर प्रस्तुत आपत्तियों का निराकरण संस्था कार्यालय- 97 पंढ़ीनाथ पथ, इन्दौर पर दिनांक 19.08.2026 को समय दोपहर 12.00 बजे से किया जाकर सदस्य सूची को अंतिम सदस्ता / मतदाता सूची के रूप में प्रकाशित किया जावेगा।

(सुरेश भंडारी)
सहकारी निरीक्षक एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मालवीय नगर गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्या., जिला इन्दौर

न्यायालय :- श्रीमती पूर्वी गोयल 12वें व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड न्यायालय इंदौर

प्रकरण कमांक आर.सी.एस.ए./ 862/2026 पेशी दिनांक 11.09.2028

शोभा नरवरिया. .... वादी
विरूद्ध- 1. सर्वसाधारण व अन्य .... प्रतिवादी
प्रेषितीः- सर्वसाधारण

यह की वादी शोभा नरवरिया व अन्य ने आपके विरूद्ध वाद पत्र अंतर्गत आदेश 7 नियम 1 सी.पी.सी वाद घोषणा एवं स्थायी निषेधाज्ञा बाबत् पेश किया।

अतः आपको इस न्यायालय के सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये समन किया जाता है, आप न्यायालय में पेशी दिनांक **11.09.2026** को स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर अधिवक्ता के द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथन का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सभी दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावें या प्रतिदावें के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज को लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जावे वाली सूची में प्रविष्ठ करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई हुई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एकपक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा । साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करवाना चाहते है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करवाये। यदि उक्त नियत दिनांक **11.09.2026** को कोई सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है या न्यायालय अवकाश पर रहते है तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस पर की जावेगी ।

यह आज तारीख 10/08/2026 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायाल की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

श्रीमती पूर्वी गोयल
12 वें व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड जिला न्यायालय इंदौर